(c) To help pepper growers under the Central Sector Integrated Programme for Development of Spices, the measures being implemented are given below :—

(i) Rehabilitation of old pepper gardens which are senile and disease affected;

(ii) Supply of input-kits and subsidised distributitn of plant protection sprayers;

(iii) Supply of quality planting material;

(iv) Laying out pepper demonstration plots.

Besides, Market Intervention Scheme is being implemented from 29-4-1993 to 30-6-1993 save the farmers from distress sale of pepper. Under the scheme it is proposed to procure 3000 tonnes of pepper at market intervention price of Rs. 33|- per kg.

(d) Does not arise.

खाद्यान्नों और दालों का प्रति व्यक्ति उत्पादन और खपत

2070. **श्री मूलचन्द मीणा :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान खाद्यान्नों और दालों का वर्षवार प्रति व्यक्ति उत्पादन और खपत कितनी थी ;

(ख) खाद्यान्नों के संचित भण्डार की वर्तमान स्थिति क्या है और क्या यह देश में उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु पर्याप्त है ; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार खाद्यान्नों की कमी को किस प्रकार पूरा करने का विचार करती है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम): (क) विगत तीन वर्षों के दौरान खाद्यान्नों तथा दहलनों का प्रति व्यक्ति उत्पादन तथा उपलब्धता/उपयोग का अनन्तिम अनुमान निम्नवत् हैं :—

(कि. ग्राम/वर्ष)

वर्ष	प्रति व्यक्ति उत्पादन		प्रति व्यक्ति निवल उपलब्धता/उपभोग	
	खाद्यान्न	दलहन	खाद्यान्न	दलहन
1990	205.42	15.44	173.9	15.0
1991	208.09	16.83	186.5	14.7
1992	192.06	13.92	173.9	12.2

(ख) और (ग) 1-4-1993 के अनुसार सार्वजनिक एजेन्सियों (केन्द्रीय तथा राज्य) के पास चावल तथा गेहूं का अनन्तिम भण्डार था– 110.42 लाख मीटरी टन चावल तथा 29.75 लाख मीटरी टन गेहूं । चालू मौसम के दौरान चावल और गेहूं की खरीद उत्तम रही है और देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्नों का संवितरण समुचित रूप से हो सकेगा ।

खाद्यान्नों और दलहनों के उत्पादन में वृद्धि करने के लिये सरकार विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम (गेहूं), विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम (मक्का तथा कदन्न), समन्वित चावल विकास कार्यक्रम (मिनीकिट कार्यक्रम सहित) तथा राष्ट्रीय दहलन विकास परियोजना का क्रियान्वयन कर रही है ।